


# दिव्य आकाश

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण — 14th — दिव्य आकाश

सुविचार: बड़ा सपना देखें, बड़ा लक्ष्य बनाएं और उसे पूरा करने जुनून पैदा करें।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष 15, अंक-03 | वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया विक्रम संवत् 2081 कोरबा, शुक्रवार दिनांक 26 अप्रैल से 02 मई 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.00


## मैनिफेस्टो समझाने खड़गे ने पीएम मोदी से दूसरी बार मिलने का वक्त मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 4 दिन में दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का वक्त मांगा। गुरुवार को उन्होंने पीएम को चिट्ठी लिखी। इसमें कहा कि वे पीएम को कांग्रेस का न्याय पत्र (मैनिफेस्टो) समझाना चाहते हैं, ताकि वे देश के प्रधानमंत्री के तौर पर ऐसे बयान न दें, जो गलत हैं। दो पेज के इस पत्र में उन्होंने लिखा कि पीएम ने हालिया भाषणों में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, उससे वे बिल्कुल हैरान या अचंभित नहीं हैं। इससे पहले खड़गे ने 22 अप्रैल को पीएम से मिलने का समय मांगा था। खड़गे ने चिट्ठी में कहा- आपके सलाहकार आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकरी दे रहे हैं, जो हमारे न्याय पत्र में है भी नहीं। इसलिए मुझे आपसे व्यक्तिगत तौर पर मिलकर आपको अपना मैनिफेस्टो समझाने में खुशी मिलेगी।

## ज्ञानवापी पर फैसला सुनाने वाले जज को धमकी

**बरेली ( एजेंसी )।**



बरेली में जज रवि कुमार दिवाकर को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें इंटरनेशनल नंबर से फोन कर धमकी दी गई। मामले में जज रवि दिवाकर ने बरेली के स्स्क को पत्र लिखा है। जज का कहना है कि उन्हें लगातार अंतरराष्ट्रीय नंबरों से फोन कर धमकी दी जा रही है। इससे पहले 2022 में इस्लामिक आगाज मूवमेंट के नाम से धमकी भरी चिट्ठी भेजी गई थी। ज्ञानवापी में सर्वे से जुड़े फैसले के दौरान उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। इस फैसले में उन्होंने ज्ञानवापी का सर्वे दोबारा करने का आदेश दिया था, जिसमें कहा था कि सर्वे चाहे ताला खुलवाकर हो या ताला तोड़कर हो, इसे रुकना नहीं चाहिए।

# संदेशखाली केस में सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की

### इसमें 5 मुख्य आरोपी

**कोलकाता ( एजेंसी )।**

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली एफआईआर दर्ज की है। इसमें 5 मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपी कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी।

संदेशखाली की महिलाओं ने 8 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। मामले में 3 आरोपी शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार हिरासत में हैं।

**कौन है मुख्य आरोपी शाहजहां शेख**

आरोपी शाहजहां शेक संदेशखाली में कहां से आया, ये कोई नहीं जानता। 2000-2001 में वो मत्स्य केंद्र में मजदूर था। वह भी सब्जी भी बेचता था। फिर ईंट-भट्ठे पर काम करने लगा। यहीं उसने मजदूरों की यूनियन बनाई। फिर सीपीएम से जुड़ा। सिंगूर और नंदीग्राम आंदोलन में वामदलों की जमीन खिसकी तो 2012 में शाहजहां तृणमूल कांग्रेस के तत्कालीन महासचिव मुकुल रॉय और उत्तर 24 परगना जिले के ताकतवर नेता ज्योतिप्रिय मलिक के सहारे पार्टी से जुड़ गया।

संदेशखाली के लोगों के मुताबिक, शाहजहां के पास सैकड़ों मछली पालन केंद्र, ईंट भट्ठे, सैकड़ों एकड़ जमीन हैं। वो 2 से 4 हजार करोड़ की संपत्ति का मालिक है।

## लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए करें वोट



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को लोगों का आह्वान किया कि वे लोकतंत्र एवं संविधान बचाने तथा पार्टी के क्रांतिकारी घोषणापत्र के लिए वोट करें। उन्होंने एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने दावा किया, यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ) हैं जो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन हैं जो संविधान और लोकतंत्र को बचा रहे हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, आप से बातचीत करके और आपके दिल के अंदर जो था, उसको सुनकर हमने क्रांतिकारी घोषणापत्र बनाया है। यह आपका घोषणापत्र है। कांग्रेस ने इसे बनाया है, लेकिन आवाज आपकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 -25 लोगों को अरबपति बनाया है, लेकिन हम करोड़ों महिलाओं और युवाओं को लखपति बनाने जा रहे हैं।

## मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा



**मुरैना ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन आज मध्यप्रदेश आए। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। पीएम ने कहा- कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं। पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा- कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है तो 10 गोली चलनीं चाहिए। एक गोला चलता है तो 10 तोपें चलनीं चाहिए।

## पीएम मोदी-राहुल के चुनावी भाषणों पर चुनाव आयोग का नोटिस

### भाषण में नफरत फैलाने का आरोप, भाजपा-कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

चुनाव आयोग ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया। यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 के सेक्शन 77 के तहत इश्यू किया गया है।

चुनाव आयोग के पोल पैनल ने कांग्रेस और भाजपा की एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों के आधार पर नोटिस जारी किया है। यह पहली बार है जब आयोग ने स्टार प्रचारक की जगह पार्टी अध्यक्षों को नोटिस जारी किया है।

पीएम मोदी भाजपा और राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। इस लिहाज से इनके भाषणों के लिए ईसी ने पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार माना है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग से पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने को राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। साथ ही पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। राहुल ने 12 अप्रैल को केरल की चुनावी सभा में गरीबी बढ़ने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि 22 लोग भारत के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा अमीर हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो एक झटके में गरीबी खत्म हो जाएगी।

## जगदलपुर में भूकंप के झटके

### जगदलपुर में घरों से निकले लोग,रिक्टर स्केल पर तीव्रता 2.6

**जगदलपुर ( एजेंसी )।**



छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के कई इलाकों में बुधवार रात 12 मिनट के अंतराल में भूकंप के 2 झटके महसूस किए गए। शहर के आमागुड़ा, कुम्हारपारा, पथरागुड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों आड़ावाल, सेमरा, करकापाल में भूकंप के झटके लगे हैं। बताया जा रहा है कि यह भूकंप रात 7.53 बजे और 8 बजकर 5 मिनट पर आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने मैन्युअल तरीके से गणना कर बताया कि जगदलपुर से 2 किमी दूर उत्तर पूर्व में 5 किमी गहराई पर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके बाद इलाके में रहने वाले लोग डर के चलते घर से बाहर निकलकर खड़े हो गए। बस्तरवासियों ने बताया कि जैसे ही झटके महसूस किए गए वे अपने घर से, दुकान से बाहर निकल आए।


सफलता के 14 वर्ष पूर्ण — 14th — दिव्य आकाश

कोरबा का प्रथम बहुरंगीय **दिव्य आकाश** (हि./सा.)
14 वर्ष पूर्ण होने पर
सतत् सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं...

आ अब लौट चलें आयुर्वेद की ओर

बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनाएं आयुर्वेद
गंभीर से गंभीर बीमारियों, पुराने रोगों का कारगर ईलाज
पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से



नशा मुक्त जीवन जियें
जीवन को समृद्ध बनाएं...

आयुर्वेदिक जड़ी-बुटियों से हर बीमारियों का ईलाज संभव

**वैद्यराज रामफल पटेल**

शांतिकुंज हरिद्वार एवं आयुष से प्रशिक्षित पारंपरिक नाड़ी वैद्य

**रामफल पटेल : एक वैद्य, एक किसान, एक गौपालक**

रामफल पटेल शांतिकुंज हरिद्वार एवं आयुष से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में प्रशिक्षित होकर विभिन्न बीमारियों का उपचार कर हजारों लोगों को राहत देने के साथ 100 से अधिक गौ माताओं के साथ गौशाला का संचालन, पेड़ बचाओ-पौधे लगाओ, जड़ी बुटियों का अनुसंधान, गायत्री यज्ञ के जरिए बच्चों में संस्कार एवं नशा मुक्ति अभियान, समाज में सत्व का भाव जगाना, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों ने आम व्यक्ति को खास बना दिया। उन्हें कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए। वैद्यराज पटेल एक पारंपरिक चिकित्सक होने के साथ-साथ एक प्रगतिशील किसान के रूप में उन्हें राज्य सरकार ने सम्मानित भी किया है।

**नशा मुक्त अभियान से जुड़ें और पारिवारिक कलह को दूर भगाएं...**

नशा नाश की जड़ है। नशा मुक्त जीवन समाज में समृद्धि देगा और परिवार को समृद्ध बनाएगा। श्री पटेल गायत्री परिवार के पाली ब्लाक अध्यक्ष के पद का निर्वहन करते हुए नशा मुक्ति अभियान को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचा रहे हैं और जन जागरण के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान निभा रहे हैं।



**आर्गेनिक खेती से ही स्वस्थ भारत का निर्माण**

बेहतर स्वास्थ्य मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। आज हम जिस आधुनिक युग में जी रहे हैं, वह हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं। हमारी जीवन शैली आज अनियमित हो चुकी है और ऊपर से पर्यावरण प्रदूषण हमारे जीवन की औसत आयु को काफी कम कर दिया है। आज स्वस्थ भारत के निर्माण में सबसे पहले हमें अपनी दिनचर्या को अनुशासित करनी होगी। धीरे-धीरे रासायनिक खेती से मुक्ति जरूरी है और आर्गेनिक खेती आज की आवश्यकता ही नहीं अपरिहार्य बन गई है। आर्गेनिक खेती से ही हम स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे, इसके लिए घर-घर में गौ पालन कर खाद के उत्पादन में बढ़ोत्तरी करें और खेतों में पशुधन के गोबर का ही उपयोग करें। अच्छा खाएं स्वस्थ रहें।

**प्रज्ञा संजीवनी वन औषधालय**

नया बस स्टैण्ड पाली, जिला - कोरबा, मो. नं. : 94241-46093, 88151-13134

Email- vaidyarpatel@gmail.com

NABARD

450 किसानों द्वारा की जा रही प्राकृतिक खेती से बने उत्पाद की बिक्री : प्राकृतिक खाएं और जीवन को सुखमय बनाएं

आज़ादी का अमृत महोत्सव

महिला समूहों द्वारा उत्पादित हर्बल सामानों की बिक्री

PALI KORBA FARMERS PRODUCER COMPANY LIMITED — किसान उत्पाद — PKFPCL

गौशाला में देशी गायों के शुद्ध दूध, घी, पनीर, मक्खन की बिक्री



**किसान उत्पाद डेयरी**

शुद्ध दुध, दही, घी, खोवा, पनीर, लस्सी, रबड़ी
नास्ता-चीला, उत्तपम, पूड़ी-सब्जी, चाय, कॉफी, हर्बल चाय








स्वादिष्ट जैविक चावल आटा का चीला, टमाटर चटनी एवं जैविक सब्जी के साथ, राईस ब्रांड फिल्टर ऑयल से बना। छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी का भी आनंद लें। हर्बल टी की भी चुस्की। देशी गाय का शुद्ध गरम दूध पीयें, ठंडी लस्सी का भी जायका लें।



एक बार आकर तो देखें और जैविक उत्पादों से बने व्यंजनों का स्वाद लें।

जैविक उत्पाद : सेहत भी स्वाद भी
रसायनिक जहर से बचें

**रामफल पटेल**
अध्यक्ष
पाली कोरबा फार्मर उत्पादक संगठन डोंगानाला
पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)- 94241-46093

अभियान : प्रकृति से जुड़ें, रासायनिक खेती को धीरे-धीरे बंद करें और जैविक खेती को अपनाएं...

इस पते पर पधारें और रोज प्राकृतिक स्वाद का आनंद लें और जैविक उत्पाद घर ले जाएं।

**MANUFACTURED BY:-**

**PALI KORBA FARMERS PRODUCER COMPANY LIMITED**
VILLAGE DONGANALA, BLOCK - PALI, DISTT. KORBA (CHHATISGRH) 495-449
Mo.: 94241-46093, 88897-48934, E-mail: pkfpcl@gmail.com

**किसान उत्पाद डेयरी एवं स्टोर रूम में ये उत्पाद उपलब्ध -**

- **जैविक सुगंधित चाँवल** - जैविक विधि से खेती कर तुलसी मंजरी एवं जावा फूल धान से चाँवल तैयार किया गया है, जो स्वास्थ वर्धक है।
- **जैविक सुगंधित काला-भूरा चाँवल** - अनेक पोषक तत्व एवं एन्टीऑक्सीडेन्ट से भरपूर। शुगर, आँखों के लिए फायदेमंद एवं मोटापा दूर करने में सहायक।
- **जैविक सुगंधित चाँवल आटा** - चीला, उत्तपम एवं अन्य व्यंजन बनाने में उपयोगी।
- **जैविक गेंहू आटा** - बारिक, दानेदार एवं फायवर से भरपूर पाचन संस्थान को मजबूत बनाने में सहायक।
- **जैविक हल्दी पाऊडर** - प्राकृतिक विधि से शोधन कर तैयार किया गया, जो हल्दी के 100 गुणों से युक्त है।
- **जैविक मिर्ची पाऊडर** - प्राकृतिक जैविक खेती कर तैयार किया गया, लाल एवं तीखा मिर्च पाऊडर।
- **जैविक प्राकृतिक हल्दी रोली** - तिलक और पूजा के लिए विशुद्ध एवं प्राकृतिक कुमकुम।
- जैविक कोदो का चावल, मोटा अनाज (रागी)
- महिला समूहों द्वारा निर्मित दोना-पत्तल एवं अन्य दैनिक हर्बल सामान।

आनलाईन बुक करें और कुछ घंटे में ही डिलीवरी लें- 94241-46093, 88897-48934

नया बस स्टैंड, प्रज्ञा संजीवनी वन औषधालय के बगल में पाली, जिला-कोरबा, 94241-46093

# छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीटों पर आज मतदान,52 लाख से ज्यादा मतदाता 41 प्रत्याशियों में चुनेंगे अपना सांसद

**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को 3 लोकसभा सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर के लिए मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली है। दूसरे चरण में कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित 41 प्रत्याशी मैदान में है। इन प्रत्याशियों की किस्मत 52,84,938 मतदाता तय करेंगे।

पहले चरण की वोटिंग की तरह इस बाद भी मतदान पर नजर रायपुर के अलावा दिल्ली से भी निर्वाचन आयोग रखेगा। वेब कास्टिंग (ऑनलाइन) से मतदान केंद्रों की निगरानी होगी। गलती दिखने पर संबंधित नोडल को तत्काल एक्शन लेने का निर्देश दिया जाएगा। दूसरे चरण में 2 लाख 22 हजार जवानों की तैनाती की गई है।

**दूसरे चरण में 6567 मतदान केंद्र बनाए गए**

दूसरे चरण की वोटिंग के लिए निर्वाचन आयोग ने 6567 मतदान केंद्र बनाए हैं। इन मतदान केंद्रों में 10572 बीयू, 7974 सीयू और 8661 वीवीपैट लगाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से कांकेर, मोहला-मानपुर और कोंडागांव के 55 बूथों को शिफ्ट किया गया है। यहां पर अतिरिक्त फोर्स को तैनात की जाएगी।



**76 मतदान केंद्र नो नेटवर्क जोन में**

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, उत्तर बस्तर कांकेर और धमतरी जिले के 76 मतदान केंद्र नो नेटवर्क जोन में है। इन मतदान केंद्रों में वोटिंग का आंकड़ा पता लगाने के लिए निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने सैटेलाइट और रनर (दौड़-दौड़ कर सूचना देने वाला व्यक्ति) की मदद से सूचनाओं का अदान-प्रदान करने का निर्णय लिया है।

**दूसरे चरण की 3 लोकसभा सीटें एक नजर में**

| विवरण | राजनांदगांव | महासमुंद | कांकेर |
|---|---|---|---|
| कुल मतदाता | 18,68,021 | 17,62,477 | 16,54,440 |
| पुरुष मतदाता | 9,29,679 | 8,66,670 | 8,09,001 |
| महिला मतदाता | 9,38,334 | 8,95,773 | 8,45,421 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 8 | 34 | 18 |
| 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता | 58,568 | 48,786 | 55,270 |
| दिव्यांग मतदाता | 17,208 | 17,383 | 16,715 |
| 100+ आयु वर्ग के मतदाता | 163 | 190 | 145 |
| सेवा मतदाता | 1208 | 1221 | 4934 |

राजनांदगांव की हाई-प्रोफाइल सीट पर सबकी नजर है। यहां से पूर्व सीएम भूपेश बघेल और सांसद संतोष पांडेय आमने-सामने हैं। वहीं महासमुंद में भाजपा की रूप कुमारी चौधरी और कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू में कड़ी टक्कर है। कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग और कांग्रेस के बिरेश ठाकुर के बीच सीधा मुकाबला होने वाला है।

कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गजों समेत राष्ट्रीय नेताओं ने इन सीटों पर पूरा दम लगा दिया है। इन लोकसभा सीटों पर मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसलिए आयोग भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

**कांकेर में 20,000 जवानों की तैनाती**

कांकेर सीट पर मतदान के लिए अंतागढ़ से नक्सल प्रभावित और अति संवेदनशील क्षेत्र के लिए 9 मतदान दलों को बीएसएफ के हेलिकॉप्टर से रवाना किए गए हैं।

बचे मतदानकर्मियों को सड़क मार्ग से भेजा गया है। नक्सल प्रभावित इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दरअसल, कांकेर में पुलिस ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इसके बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि हमारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने जगह-जगह विरोध में बैनर लगाए हैं। स्ट्रॉन्ग रूम के साथ ही क्षेत्र में जवान अभी से तैनात कर दिए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ की 10 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के 18 प्रत्याशी करोड़पति

**कांग्रेसियों से पिछड़े भाजपाई, भूपेश से ज्यादा अमीर महंत, सबसे ज्यादा कर्जे में डहरिया**

**रायपुर, ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए वोटिंग होना बाकी है। इस चरण में कुल 209 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा-कांग्रेस के 20 प्रत्याशियों में से 18 करोड़पति है। हालांकि पैसे और संपत्ति के मामले में भाजपा प्रत्याशियों को कांग्रेसियों ने पछाड़ दिया है।

कोरबा से कांग्रेस की उम्मीदवार ज्योत्सना महंत सबसे अमीर हैं। उनके पास 17.93 करोड़ की संपत्ति है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव से कांग्रेस उम्मीदवार अपनी ही पार्टी प्रत्याशियों में 4.10 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति के साथ 7वें स्थान पर हैं।

वहीं बृजमोहन अग्रवाल 17.7 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उन्हें भाजपा ने रायपुर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर जांजगीर-चापा से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया का नाम है।

**करोड़पति होने के बाद भी कर्जदार**

बीजेपी-कांग्रेस के प्रत्याशियों पास करोड़ों रुपए की संपत्ति है। इसके बाद भी अधिकांश प्रत्याशी कर्जदार हैं। निर्वाचन आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार, किसी प्रत्याशी पर लाखों तो किसी पर करोड़ों रुपए का कर्ज बकाया है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत, मेनका सिंह और बीजेपी प्रत्याशी कमलेश जांगड़े कर्जदार नहीं हैं।

**संतोष पांडेय के पास खुद की कार तक नहीं**

भाजपा के राजनांदगांव प्रत्याशी संतोष पांडे के पास वाहन के नाम पर सिर्फ एक बाइक है। वहीं 1 लाख 8 हजार रुपए कैश है। ऐसे ही रायगढ़ के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के पास पैसों के अलावा एक बंदूक भी है। राठिया हथियार के शौकीन है, उनके पास सिंगल बैरल बंदूक है।

**दूसरे-तीसरे चरण में 1.91 करोड़ से ज्यादा मतदाता**

दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को और तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। इन चरणों में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का भाग्य 1 करोड़ 91 लाख 86 हजार 223 मतदाता तय करेंगे। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 96 लाख 47 हजार 72, पुरुष मतदाताओं की संख्या 95 लाख 38 हजार 471 और थर्ड जेंडर मतदाताओ की संख्या 680 है।

## संविधान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा

**चंदन यादव ने बीजेपी-आरएसएस को दी चेतावनी, कहा- संविधान बदलने वालों को जनता पहचान चुकी है**



**रायपुर, एजेंसी।**

पीसीसी सह प्रभारी चंदन यादव ने भाजपा और आरएसएस को चेतावनी देते हुए कहा कि, मैं बीजेपी और आरएसएस को चेतावनी देता हूं की संविधान जिंदाबाद था, संविधान जिंदाबाद है और आगे भी रहेगा। जो 400 पार का नारा दिया जा रहा है, लेकिन इस बार बीजेपी 150 से नीचे जा रही है। जनता जानती है कि ये संविधान बदलने की तैयारी कर रहे हैं। चंदन यादव ने कहा कि, जब जनता तक यह बात पहुंची, उसके बाद बीजेपी के नेता अब सफाई दे रहे हैं। लेकिन इससे कुछ होने वाला नहीं है। कई भाजपा नेताओं ने खुले मंच से कहा कि वो अब संविधान बदलना चाहते है, लेकिन वो अब इस बात से पलट रहे हैं। जनता सब समझ चुकी है। इन्होंने संविधान रिव्यू कमीशन बनाया। बीजेपी के नेता सबसे पहले माहौल बनाते हैं, फिर अपनी बात को लेकर झूठ बोलते हैं। एक कांसेप्ट पर वो कितनी बार अपनी बात बदलते हैं। यही इस बार भी किया है।

**छत्तीसगढ़ में रिजर्वेशन बिल बीजेपी ने रोका**

चंदन यादव ने कहा कि, भारत का मतलब अनेकता में एकता है। भाजपा संविधान का कुछ भी नहीं कर पाएगी। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने मिलकर छत्तीसगढ़ की धरती पर सामाजिक न्याय की हत्या की। छत्तीसगढ़ में रिजर्वेशन बिल पर राज्यपाल ने हस्ताक्षर नहीं किया।

# खूंटाघाट डैम में नाव पलटी एक मछुआरा लापता

**खूंटाघाट बांध पर मछली पकड़ने गए थे दो भाई, एक सुरक्षित,सर्चिंग में जुटी एसडीआरएफ**



**बिलासपुर।**

बिलासपुर जिले के खूंटाघाट डैम में मछली पकड़ने गए दो सगे भाइयों की नाव आंधी-तूफान के चलते पलट गई। इस हादसे में लोगों की मदद से छोटा भाई किसी तरह तैर कर बाहर निकल गया। एसडीआरएफ की टीम बुधवार को देर शाम तक बड़े भाई की तलाश करती रही। लेकिन, अंधेरा होने से सर्चिंग नहीं हो पाई। गुरुवार सुबह फिर तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी और प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार ने बताया कि बुधवार शाम मछुआरा राहुल केवट (28 वर्ष) अपने छोटे भाई पंकज (22 वर्ष) को लेकर खूंटाघाट डैम में मछलियां पकड़ रहा था। इसी दौरान तेज आंधी-तूफान से नाव डगमगाने लगी। हवा के दबाव के कारण डैम के बीच में लहरे उठने लगीं और नाव पलट गई। जिसके बाद दोनों भाई पानी में डूबने लगे।

**आसपास के लोगों की मदद से निकला युवक, दूसरा लापता**

आसपास के लोगों ने नाव पलटते देख दोनों को बचाने की कोशिश की। लोगों की मदद से किसी तरह राहुल खुद को बचाकर डैम के किनारे पहुंच गया। वहीं, पंकज गहरे पानी में समा गया। इस दौरान लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंच तो गई लेकिन, उपकरणों के अभाव में डैम में उतर नहीं सकी। इस बीच घटना की जानकारी एसडीआरएफ की टीम को दी गई, जिसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर शाम को ही एसडीआरएफ की टीम भी खूंटाघाट पहुंच गई।

**अंधेरा होने के कारण रुका रेस्क्यू अभियान**

बुधवार देर शाम तक एसडीआरएफ के जवानों ने लापता युवक की तलाश की। लेकिन, अंधेरा होने के कारण जवानों को खोजबीन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद जवान वापस लौट गए। गुरुवार सुबह फिर से लापता युवक की तलाश शुरू की गई है। दोनों रोहिनाडीह बाबापुती पाली के रहने वाले हैं।

# महादेव सट्टा ऐपः एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया तलब

**रायपुर में एएसआईचन्द्रभूषण वर्मा ,सतीश चंद्राकर और सुनील दम्मानी स्पेशल कोर्ट में पेश**

**रायपुर, एजेंसी।**

महादेव सट्टा ऐप में लगातार ईडी और ईओडब्ल्यू कार्रवाई कर रही है। इस बीच महाराष्ट्र साइबर सेल ने एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को समन भेजा है। इधर रायपुर में तीन आरोपियों सुनील दम्मानी, सतीश चंद्राकर और चंद्र भूषण वर्मा को ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया है।

इससे पहले ये तीनों आरोपी ईडी के केस में जेल में बंद थे। अब ईओडब्ल्यू इनसे पूछताछ करना चाहती है। इसके लिए बुधवार को तीनों को प्रोडक्शन वारंट के तहत कोर्ट में पेश किया गया।

**एएसआई चंद्रभूषण वर्मा को बताया मुख्य लाइजनर**

ईओडब्ल्यू ने ईडी के प्रतिवेदन पर महादेव सट्टा एप मामले पर एफआईआर दर्ज की है। ईडी ने अपनी जांच में पता चला है कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा छत्तीसगढ़ में मुख्य लाइजनर का काम कर रहा था। चंद्रभूषण दुबई के प्रमोटरों से हवाला के जरिए से हर महीने मोटी रकम लेता और इसे सीनियर पुलिस अफसरों को बांट रहा था और ईडी के मुताबिक राजनीतिक रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े लोगों को संरक्षण राशि भी दी जा रही थी।

ईडी की अब तक की जांच से पता चला है कि करीब 65 करोड़ रुपये नगद मिले हैं। जिसे चंद्रभूषण वर्मा ने रिसीव किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत बांटा है। ईडी ने गंभीर आरोप लगाते हुए जानकारी दी है कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा पुलिस में बहुत बड़े पोस्ट में नहीं था।



एएसआई वर्मा ने ईडी के सामने स्वीकार किया है कि वो कई बड़े ताकतवर लोगों से हर महीने बड़ी रकम रिश्वत में ले रहा था और भुगतान भी कर रहा था। साथ ही वर्मा ने ये भी स्वीकार किया है कि मई 2022 में पुलिस की कुछ कार्रवाई के बाद रिश्वत की रकम भी बढ़ाई गई। थी।

**सुनील दम्मानी और सतीश चन्द्राकर पर ये आरोप**

ईडी ने अपनी जांच ने पाया है कि सतीश चंद्राकर सट्टा एप के चार पैनल थे । जिससे वह आनलाइन सट्टा का संचालन करता था और अपनी और दूसरों को 5 प्रतिशत कमीशन पर दिया था। वह महादेव ऑनलाइन बुक के प्रमोटरों की जेब से आने वाले पैसो को भी संभाल रहा था और महादेव ऑनलाइन बुक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए इसे अधिकारियों तक रुपए पहुंचाता था।

सुनील कुमार दम्मानी और उसका भाई अनिल दम्मानी हवाला ऑपरेटर हैं। दोनों भाई उन्होंने महादेव ऑनलाइन बुक के प्रमोटरों के लिए पुलिस और राजनीतिक व्यक्तियों के साथ संपर्क के लिए पैसों को बड़े पैमाने पर हवाला आवाजाही की सुविधा प्रदान करते थे।

**ईओडब्ल्यू ने दो आरोपियों ने किया गिरफ्तार**

24 अप्रैल को ईओडब्ल्यू ने महादेव स्ट्टा एप को लेकर पहली कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। ईओडब्ल्यू ने आरोपी राहुल वकटे और रितेश यादव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। राहुल वकटे और रितेश यादव को ईओडब्ल्यू ने 6 दिन की रिमांड पर लिया है।

30 अप्रैल तक दोनों से ईओडब्ल्यू पूछताछ करेगी। राहुल वकटे की गिरफ्तारी दिल्ली और रितेश की गोवा से की गई है। टीम ने हवाला के 43 लाख रुपए भी सीज किए हैं। दोनों आरोपी अगस्त में निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से ही फरार चल रहे थे।

गौरतलब है कि एंटी करप्शन ब्यूरो ने ईडी के प्रतिवेदन पर महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में 19 लोगो के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। जिमसें सौरभ चंद्राकर,रवि उप्पल समेत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समते कई करोबारी के नाम है।

## मोदी की विद्युत पोल से हटाए जाएं पोस्टर्स

**रायपुर, एजेंसी।**




छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने रायपुर समेत प्रदेशभर में सार्वजनिक विद्युत पोल पर लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर्स को हटाने की मांग की है। पार्टी ने मामले को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त से शिकायत की है। साथ ही जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगी हुई है, ऐसे में इस तरह का पोस्टर लगाया जाना नियमों का उल्लंघन करना है।

# हनुमान जी की मूर्ति के साथ छेड़छाड़

**सामने रखा पत्थर और मिट्टी, तोरण को तोड़ सड़क पर फेंका,10-15 युवक सीसीटीवी में आए नजर**

**जांजगीर-चांपा ( दिव्य आकाश )।**

जिले के ग्राम कटौद में तालाब के किनारे स्थापित भगवान हनुमान की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ किया गया है। मूर्ति के सामने पत्थर और मिट्टी रखा गया है। वहीं तोरण से सजे हुए पंडाल को तोड़ कर सड़क किनारे फेंक दिया गया है। सीसीटीवी कैमरे में घटना के समय 10 से 15 युवक रात में मौके पर घूमते हुए दिख रहे हैं। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, ग्राम कटौद में बुधवार की रात 10 से 15 युवक गांव में घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं और हिंदू देवी-देवताओं को गाली गलौज दे रहे हैं। वहीं हाथों में डंडा और हथियार भी रखे हुए हैं। गांव के तालाब के किनारे हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई है। मूर्ति के सामने उपद्रवियों ने पत्थर और मिट्टी रखकर हनुमान जी के मूर्ति के साथ छेड़छाड़ करते हुए तोड़ने की कोशिश की गई है।



**तोरण को निकालकर सड़क में फेंका**

बदमाशों ने हनुमान जयंती पर तोरण से सजाए गए पंडाल को तोड़ा और तोरण को भी निकालकर सड़क में फेंक दिया। गुरुवार की सुबह इस घटना का पता चलने पर बजरंग दल, सर्व हिंदू संगठन और ग्रामीणों की भीड़ मूर्ति के पास उमड़ पड़ी। अक्रोशित लोगों ने चक्का जाम करने का प्रयास किया गया। घटना की जानकारी नवागढ़ पुलिस को दी गई।

**कुछ महीने पहले भी मूर्ति के साथ हुई थी तोड़-फोड़**

सूचना के बाद नवागढ़ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराया गया। जिसके बाद आवागमन शुरू किया गया। कुछ महीने पहले भी भगवान हनुमान की मूर्ति के साथ अज्ञात उपद्रवियों ने तोड़ फोड़ की थी। वहीं लगातार हनुमान जी की मूर्ति को निशाना बनाया जा रहा है।

**सीसीटीवी कैमरे में 10 से 15 युवक आए नजर**

जांच में जुटी पुलिस सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है जिसमें 10 से 15 युवक नजर आ रहे हैं। पुलिस उन युवकों की तलाश कर रही है। नवागढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है। वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है।









# दिव्य आकाश

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

सुविचार
बड़ा सपना देखें, बड़ा लक्ष्य बनाएं और उसे पूरा करने जुनून पैदा करें।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया विक्रम संवत् 2081 कोरबा, शुक्रवार दिनांक 26 अप्रैल से 02 मई 2024


## छत्तीसगढ़ में मिस फायर से डीआरजी जवान की मौत

**दंतेवाड़ा में सर्च ऑपरेशन पर निकले थे; एक की हालत गंभीर, एयरलिफ्ट किया गया**

**जगदलपुर ( एजेंसी )।**

दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर निकले एक जवान की बंदूक से मिस फायर हो गया। जिसकी चपेट में आने से एक छत्रन्न जवान की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल जवान को हेलिकॉप्टर के जरिए रायपुर ले जाया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि, इंद्रावती नदी पार दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर दंतेवाड़ा से बस्तर फाइटर्स और छत्रन्न के जवानों को सर्च ऑपरेशन पर रवाना किया गया था। जवान जब हांदावाड़ा के नजदीक पहुंचे, तो देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच एक जवान की बंदूक से अचानक गोली चल गई।

**मिस फायर में एक की मौत, एक जवान घायल**

गोली की चपेट में डीआरजी जवान आरक्षक जोगराज कर्मा और परसुराम अलामी आ गए। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें जिला मुख्यालय लाते हुए जोगराज कर्मा की मौत हो गई, जबकि परसुराम अलामी गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह एक हादसा है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि रात में जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान ये घटना हुई है। किस जवान की बंदूक से गोली चली, ये जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जवान अब भी नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन पर हैं। लौटने के बाद ही जानकारी मिल पाएगी।



## जय हनुमान ज्ञान गुण सागर...

## गेवरा बस्ती चौक हनुमान मंदिर में 51 बार हनुमान चालीसा का पाठ एवं भव्य महाआरती

### विशाल भंडारा में सैकड़ों ने किया प्रसाद ग्रहण

**कोरबा/कुसमुण्डा ( दिव्य आकाश )।**

हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे जिले में कई आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना अजय जायसवाल एवं पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल के सानिध्य में हनुमान मंदिर सेवा समिति गेवरा बस्ती चौक द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में वृहद आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संध्या गोधूली बेला पर हनुमान चालीसा का पाठ 51 बार किया गया। इस पाठ में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए और हनुमान जी का ध्यान लगाकर झूमने लगे। इसके बाद भव्य रूप से महाआरती की गई। श्री एवं श्रीमती जायसवाल ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। करीब तीन घंटे तक आध्यात्मिक कार्यक्रम चला, उसके बाद आयोजन समिति ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में अजय जायसवाल ने सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार जताया।

## सिंहदेव बोले- छत्तीसगढ़ में झूठ-अफवाह की बौछार कर गए प्रधानमंत्री

**कहा-मोदी राज में 2000 किमी भारतीय जमीन पर चीन का कब्जा, फिर भी आंखें बंद**

**सरगुजा ( एजेंसी )।**

कांग्रेस के घोषणा-पत्र समिति के संयोजक और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण को झूठ का पुलिंदा बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म "X" पर किए गए अपने पोस्ट में सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ आकर नरेंद्र मोदी के सांप्रदायिक अफवाहों में भी मायूसी और हताशा दिखी है।

छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान मोदी ने 3 चुनावी सभाएं लीं। अंबिकापुर में मोदी ने 25 मिनट तक कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। आंतकवाद और नक्सलवाद कांग्रेस के कारण बढ़ा। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेत्री आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती है।

**कांग्रेस देश को तबाह करना चाहती है- मोदी**

नरेंद्र मोदी ने भाषण में कहा था कि कांग्रेस संविधान बदलकर एससी, एसटी, ओबीसी का हक अपने वोट बैंक को देना चाहती है। इनके इरादे ठीक नहीं है। उन्होंने कर्नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि ओबीसी का आरक्षण मुस्लिमों को देकर ओबीसी वर्ग के अधिकार को छीना गया है। सत्ता की लालच में कांग्रेस देश को तबाह करना चाहती है।

**सिंहदेव बोले- महिलाओं पर अत्याचार चरम पर**

इस पर सिंहदेव ने कहा कि महिलाओं के सोने और मंगलसूत्र की आधारहीन बात कर प्रधानमंत्री को लगा कि वो उनके राज में हो रही महिलाओं की दुर्दशा को छिपा देंगे। महिलाओं के विरुद्ध अपराध देश में चरम पर है, लेकिन मोदी जी को मनगढ़ंत धारणाएं रचनी हैं। मणिपुर की बेटियों के साथ किस प्रकार की हिंसा और जघन्य अपराध हुए वो मोदी राज का वीभत्स और असली चेहरा दिखाते हैं।

**अमीरी और गरीबी का फर्क भारत में ऐतिहासिक**


सिंहदेव ने कहा कि कौन सी संपत्ति की बात कर रहे हैं प्रधानमंत्री। आज, जितना गरीब और अमीर का फर्क भारत में है वह अपने आप में ऐतिहासिक है। एक प्रतिशत लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति है। वहीं 50 प्रतिशत गरीब जनता के पास मात्र 3 प्रतिशत है। संपत्ति, बचत, इनसे तो गरीब और मध्यम वर्ग दूर हो ही गया है, क्योंकि देश की सारी सार्वजनिक संपत्ति तो वो अपने अरबपति मित्रों को धीरे-धीरे पकड़ाते जा रहे हैं।

**जहां झूठ नहीं चलता, चुप हो जाते हैं**

सिंहदेव ने कहा कि मोदी घुसपैठियों के नाम पर अफवाह उड़ाते हैं। मगर सच्चाई तो ये है कि मोदी राज में चीन ने भारत की 2000 किमी ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया। प्रधानमंत्री ने आंखें बंद कर उनको क्लीन चिट दे दी। सोनम वांगचुक 21 दिन तक अनशन करते रहे, पर मजाल है प्रधानमंत्री की एक आवाज सुनाई दी हो, क्योंकि वहां इनका झूठ नहीं चलता ना।

**कांग्रेस का मेनिफेस्टो पढ़ लें, मिलेगी प्रेरणा**

सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस के मेनिफेस्टो के बारे में दुष्प्रचार करने से पहले शायद एक बार वो उसे पढ़ लेते तो उन्हें जनसेवा की प्रेरणा मिल जाती। चाहे एक लाख सालाना की अप्रेंटिसशिप का अधिकार हो या गरीब परिवार की महिला को सालाना एक लाख रुपए दिए की। कांग्रेस की हर गारंटी बस गरीबों का जेब भरने की है, उनका जीवन स्तर उठाने की है। सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री का एजेंडा बस एक है-मित्रों की तरक्की। चाहे आम जनता रहे तड़पती रहे और यही है उनके झूठ के पुलिंदो का कारण भी है।



## मंत्री रामविचार नेताम से मिले भाजपा युवा नेता भुवनेश्वर तिवारी एवं मोहन सिंह

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

18 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित केबिनेट के कई मंत्रियों की उपस्थिति में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली एवं जनसभा में प्रदेश के कद्दावर आदिवासी नेता एवं छग शासन के कृषि एवं आदिमजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम भी इस कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा पहुंचे थे। उनके कोरबा आगमन पर कोरबा के भाजपा युवा नेता भुवनेश्वर तिवारी एवं भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान श्रीनेताम ने कोरबा लोकसभा क्षेत्रांतर्गत कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की स्थिति की जानकारी ली। दोनों नेताओं ने चुनाव की गतिविधियों की जानकारी दी। इसके अलावा अन्य संगठनात्मक चर्चा भी हुई। श्री नेताम विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत और प्रदेश में सरकार बनने के बाद पहली बार कोरबा पहुंचे थे। नामांकन रैली में प्रदेश के कई दिग्गज पहुंचे थे और नामांकन रैली ऐतिहासिक रही।

# बालको की प्रतिबद्धता से 3.3 लाख लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वित्त वर्ष 2024 में अपने सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं और अस्पताल के माध्यम से लगभग 3.3 लाख लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। कंपनी उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समुदाय की सेवा कर रहा है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए समुदाय को उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया है। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार को सार्थक करते हुए कंपनी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कंपनी ने 34 बुजुर्गों एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों को सहायक उपकरण (वॉकिंग स्टिक, ट्राइपॉड, बैसाखी, वॉकर और व्हीलचेयर) वितरित करके समावेशी, सहायक और न्यायसंगत समुदाय बनाने की दिशा में एक सहायक उपकरण वितरण अभियान शुरू किया।

बालको ने भदरापारा एवं बेलाकछार में दो दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। कंपनी के द्वारा समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए मेगा शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार एवं निशुल्क दवा दी गई। विशेषज्ञ सेवाओं में दंत चिकित्सक, त्वचा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और सामान्य चिकित्सक के साथ मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। समुदाय के लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा उपचार के माध्यम से प्राथमिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर से लगभग 479 नागरिक लाभान्वित हुए।



कंपनी के स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) 'उपचार आपके द्वार' थीम पर समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। परामर्श सेवाओं के माध्यम से वैन 47 से अधिक समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। जरूरतमंदों को सामान्य बीमारियों के लिए नि:शुल्क दवा एवं परामर्श और चिकित्सा सुविधाओं के साथ मुधमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद है। इस साल मोबाइल हेल्थ वैन से 15599 लोगों को लाभ मिला।

बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदाय के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्टों के माध्यम से निवारक और उपचारात्मक दोनों उपायों को शामिल कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। यह परियोजना कुपोषण और एनीमिया से निपटने पर विशेष ध्यान देने के साथ मातृ एवं शिशु देखभाल, एचआईवी, टीबी और नशा की लत से मुक्ति पर जागरूकता अभियान भी चलाती है। वित्तीय वर्ष 2024 में आरोग्य परियोजना से लगभग 49963 लोग लाभान्वित हुए हैं।

बालको अस्पताल 120 बिस्तर और विशेषज्ञों की एक कुशल चिकित्सा टीम प्रदान करता है। इसमें समुदाय की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, मॉड्यूलर ओटी, अत्याधुनिक सीटी स्कैन एवं एक्स-रे कक्ष और आपातकालीन और महत्वपूर्ण चिकित्सका देखभाल इकाई सहित अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। आईएसओ 9001-2015 प्रमाणित सुविधा के रूप में अस्पताल बेहतर चिकित्सक गुणवत्ता प्रबंधन मुहैया करता है। वित्तीय वर्ष 2024 में अस्पताल ने 183985 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दीं।

कंपनी द्वारा संचालित बालको अस्पताल से लगभग 1.8 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 4 जिलों कोरबा, कवर्धा, सरगुजा और रायपुर सहित 123 गांवों में सालाना 1.5 लाख से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है।

## नई किरण परियोजना : माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन



कंपनी की नई किरण परियोजना माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करती है। स्वच्छता उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के साथ ही माहवारी स्वास्थ्य के स्थानीय चैंपियन विकसित किये हैं। अब तक इस परियोजना ने 57386 से अधिक समुदाय के सदस्यों को माहवारी के प्रति संवेदनशील बनाया है। कंपनी अपने नंद घर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास के अत्याधुनिक केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और नई माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और उचित पोषण प्रदान करता है।

## बालको का अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल नया रायपुर में

बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) 170 बिस्तर से युक्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल नया रायपुर में स्थित है। यह वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (वीएमआरएफ) की प्रमुख पहल है, जो वेदांता रिसोर्सेज और भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) का एक गैर-लाभकारी संगठन है। बीएमसी भारत के कैंसर क्षेत्र में एक राष्ट्रीय पहचान के रूप में उभरा है। अस्पताल में चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, विकिरण, हेमेटोलॉजिकल, बीएमटी और उपशामक देखभाल सेवाएं प्रदान कर रही है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको मेडिकल सेंटर ने 11375 लोगों का इलाज किया।






## शराब दुकान में सुपरवाइजर की कनपटी पर बंदूक टिकाकर लूट:2 लाख 93 हजार रुपए ले उड़े हथियारबंद नकाबपोश, रातभर खोजती रही पुलिस

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

पाली की एक देशी शराब दुकान में 2 लाख 93 हजार की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने सुपरवाइजर की कनपटी पर बंदूक अड़ाकर लूटकर फरार हो गए। पुलिस नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश करती रही, लेकिन उनका सुराग नहीं मिला है। पूरा मामला पाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक वारदात करीब 9.45 रात बजे की है। पाली में एक ही स्थान पर देशी और विदेशी शराब दुकान संचालित हैं। प्रतिदिन की तरह बुधवार की रात भी दोनों ही दुकान के कर्मचारी बिक्री रकम का मिलान कर शॉप बंद करने की तैयारी में थे।

**हथियारबंद नकाबपोश बदमाश शराब दुकान में घुसे**

इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक देशी शराब दुकान के सामने पहुंचे। तीनों युवकों का चेहरा गमछे से ढंका हुआ था। वह सीधे शराब दुकान के भीतर जा घुसे। इनमें से एक दुकान के दरवाजे में खड़ा था, जबकि एक बदमाश ने सुपरवाइजर की कनपटी पर बंदूक अड़ा दिया।

**2 लाख 93 हजार रुपए समेट कर फरार**

वहीं तीसरा नोट को समेटने में लगा रहा। कुछ ही मिनट के भीतर नकाबपोश बदमाश पूरे दिन की बिक्री रकम 2 लाख 93 हजार रुपए समेट कर फरार हो गए। उनके जाते ही कर्मचारियों ने अंग्रेजी शराब दुकान पहुंच घटना की जानकारी दी।

**किसी का सुराग नहीं मिल सका**

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आ गई। आला अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में नाकेबंदी कर दी गई। इसके साथ ही पूरी रात संदिग्धों की तलाश की जाती रही, लेकिन किसी का सुराग नहीं मिल सका।

**सुविचार**

आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते लेकिन अपनी आदतें बदल सकते हैं और निश्चित रूप से आपकी आदतें आपका भविष्य बदल देंगी...।

**सरोकार**

## जनता अपनी ताकत समझे

देश में सात चरणों में मतदान होगा। प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो चुका है, जिसमें एक सीट छत्तीसगढ़ में भी मतदान संपन्न हुआ। दूसरे चरण और तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की पूरी सीट में मतदान संपन्न होगा। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को यानी आज संपन्न होगा, जबकि तृतीय और अंतिम चरण का मतदान छत्तीसगढ़ में सात मई को होगा। 26 अप्रैल को पूरे देश में द्वितीय चरण का मतदान होगा और देश की 89 लोकसभा सीटों का वोटिंग होगी। जनता या मतदाता अपनी ताकत समझें और ऐसे प्रत्याशियों को वोट से चोट करें जो समाज और देश के लिए ठीक नहीं। वोट उसे ही करें जो आपके नजदीक रहे, आपकी बातें सूने, आपकी मांगों को तवज्जो दे और आपकी आवाज बनकर उच्च सदन में रखे। ऐसे व्यक्तित्व को पहचानें जो जननायक के रूप में रचनात्मक कार्यों और सामाजिक सरोकार से जुड़कर जनता के बीच रहकर जनता से घुले मिले और जनता को अपना परिवार समझे। आज आपकी बारी है और यह वक्त भारी है। वक्त ने आपको ताकत दी है तो जितना अधिक संभव हो... उतना मतदान करें । समय निकालें और 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी भूमिका निभाएं...। एक-एक वोट स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अहम है और देश को आगे ले जाने के लिए अपना एक वोट अवश्य डालें। मतदाता अपनी ताकत पहचानें और वोट अवश्य करें।

**संपादक**



साड़ी में नारी की खुबसूरती और बढ़ जाती है, पहनावा में साड़ी का कोई मुकाबला नहीं

# चुनाव का पर्व देश का गर्व



लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न उपाय किये जा रहे हैं। 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं अति दिव्यांग के लिए उनके निवास में ही मतदान की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा इनके लिए परिवहन की भी व्यवस्था की गई है। विद्यालयों में, नुक्कड़ सभा के माध्यम से भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है। यूथ को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। देश भर में चुनाव आयोग ने वॉल पेंटिंग, लेखन के माध्यम से चुनाव में मतदान की महत्ता रेखांकित की जा रही है, ताकि सभी वर्ग के लोग अधिक से अधिक मतदान करे और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। शिक्षित वर्ग लोकतंत्र की महत्ता को अधिक समझता है, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। आज बुजूर्ग भी समझदार हो गए हैं कि उन्हें किन्हें वोट करना है। यूथ को चाहिए कि दल से अधिक व्यक्तित्व को महत्व देना चाहिए और उन्हें सोचना होगा कि जितने के बाद कौन सा प्रत्याशी उनके लिए सही होगा। आज देखने में आया है कि जितने के बाद प्रत्याशी सत्ता के मद में ऐसे चूर हो जाते हैं और उनसे मिलना दूभर हो जाता है। चुनाव तक ऐसे प्रत्याशी जनता का हाथ-पैर पकड़ता है और लोकलुभावन झांसा देकर सत्ता की प्राप्ति कर लेता है और जब चुनाव जीत जाते हैं तब ये दम्भ के देवता जनता को पैर की धूल समझने लगते हैं। चुनाव तक जो अपना अता-पता तक नहीं बताते, चुनाव जितने के बाद इनके दरवाजे में जाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे दम्भ के देवताओं से बचना होगा और ऐसे लोगों को चुनना होगा जो सहज भाव से हमेशा जनता के बीच परिवार जैसा मिलता हो और जिनका व्यक्तित्व बेदाग हो। कुछ प्रत्याशी विवादित रहते हैं और विवादित होने के बाद क्षेत्र को छोड़कर दूसरे क्षेत्र में जाकर चुनाव लड़ते हैं और जनता के बीच पहुंचकर उन्हें फिर से गुमराह करते हैं। ऐसे प्रत्याशियों से बचना चाहिए और उनके व्यक्तित्व के बारे में जो सार्वजनिक बातें हैं, वे जचे तभी उन्हें वोट दें।

वोट किसी को भी दें, लेकिन मतदान करने अवश्य जाएं। मतदान प्रतिशत बढ़ने से लोकतंत्र मजबूत होता है और मजबूत तंत्र से ही देश मजबूत होता है। चुनाव आते ही हर पार्टियां सब्जबाग दिखाती हैं, लेकिन धरातल पर जो पार्टी काम दिखाती हैं, उसे ही वोट करें। आजादी के बाद देश में कई प्रधानमंत्री बने, कुछ मध्यम निकले, कुछ सर्वोत्कृष्ट निकले, लेकिन देश के विकास में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। इनकी भूमिका को नकारने वाले राजनेता क्या जनता के हितैषी हो सकते हैं। आज देश में महंगाई, सत्ता का आतंक हर किसी के चेहरे में दिख रहा है। कुछ लोग सत्ता के मोह में इतना मदमस्त हो जाते हैं कि वे स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानने लगते हैं और वे सोचते हैं वे जो कर रहे हैं, वही श्रेष्ठ है। जनता का प्रतिनिधि बन कर कुर्सी पाने वाले बाद में जनता का प्रतिनिधि नहीं बल्कि जनता का राजा बनकर राज करते हैं। आज देश में विपक्ष कमजोर सा दिखाई देता है और ऐसे में स्वस्थ लोकतंत्र की परिकल्पना करना बेमानी है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है, इसलिए मतदान भी ऐसा होना चाहिए कि देश की सर्वोच्च संस्था में स्वच्छ छवि, ईमानदार प्रतिनिधि पहुंचे और जनता की अपेक्षा पर खरा उतरे। आज देश में कई प्रत्याशी ऐसे हैं,जो अपनी निकम्मेपन को या दम्भ को छुपाने के लिए क्षेत्र को बदल देते हैं और जनता को बेवकूफ बनाकर फिर से जीत जाते हैं, लेकिन आज संचारतंत्र इतना मजबूत हो चुका है कि आज गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति को देश के कोने-कोने से प्रत्याशियों का असली चेहरा दिख जाता है। इसलिए सोचें-समझें और प्रत्याशी के व्यक्तित्व के देखकर मतदान करें। ऐसे प्रत्याशी को सांसद बनाएं जो जीतने के पहले और जीतने के बाद भी दम्भ न दिखाए और जनता के बीच हमेशा बना रहे। ऐसे प्रत्याशी जो हमेशा दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करे और स्वयं को सर्वश्रेष्ठ होने का दम्भ भरे, ऐसे प्रत्याशियों से बचें, क्योंकि ये दम्भ के देवता कल आपके लिए सिर्फ नाम के प्रतिनिधि रहेंगे लेकिन स्वयं को समझेंगे जनता का राजा।

आज वक्त है- वक्त का महत्व समझें और ऐसे प्रत्याशियों को वोट से चोट करें और स्वच्छ व्यक्तित्व के प्रत्याशियों को चुनें जो आपका प्रतिनिधि बनकर आपकी आवाज बनकर उच्च सदन में आपकी मांगों को रखे और पूरी करे।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष भी जरूरी

देश में प्रथमचरण का मतदान संपन्न हो चुका है और आज देश में दूसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। 102 सीट के लिए प्रथमचरण में मतदान हुआ और आज देश की 89 सीटों के लिए मतदान होगा। लोकसभा में कुल 543 सीट है और पिछले चुनाव में अकेली भाजपा को 302 सीट प्राप्त हुई थी, जबकि मुख्य विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस को मात्र 52 सीट मिली थी। इस बार मोदी को रोकने के लिए इंडि अलायंस बनाया गया है और मोदी को किसी तरह सत्ता से दूर रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। पिछले पांच साल के कार्यकाल में देश में देखने को मिला कि विपक्ष लाचार सा साबित हो रहा था, लेकिन इस बार इंडि अलायंस को विश्वास है कि वे एक मजबूत स्थिति में रहेंगे।

वैसे तो भारत में लोकतंत्र काफी मजबूत है और देश भी इतना सशक्त हो चुका है कि सत्ता परिवर्तन से देश को कोई हानि नहीं होने वाला, लेकिन आज सत्ता मद इतना मजबूत हो चुका है कि सत्ताधारी स्वयं को सर्वमानव से सर्वश्रेष्ठ समझने लगे हैं और विपक्ष को तुच्छ। लेकिन आज जनता जागरूक हो चुकी है कि देश में जनता भी रहती है और उसे महंगाई रूपी कोड़े से इतना पीटा जा रहा है कि उनका जीवन महंगाई तले दबे जा रहा है। आज देश सशक्त है, सक्षम है और कोई भी दुश्मन इस पर टेढ़ी नजर डालने के लिए 10 बार सोचेगा। आज सत्ताधारी दल जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं कि हमारी वजह से देश सशक्त, सक्षम है। आजादी के दीवानों को तो याद कर लो, कि किस तरह उन्होंने देश को आजाद करने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर डाले। आज कांग्रेसी सत्ता में नहीं है, लेकिन कांग्रेस का योगदान भी देश को आगे बढ़ाने में कम योगदान नहीं रहा। भाजपा भी नरसिम्हा राव के योगदान को सर्वोत्कृष्ट मान चुके हैं, तभी तो उन्हें भारत रत्न दिया गया। इंदिरा गांधी को लौह महिला यूं ही नहीं कहा जाता। कांग्रेस के शासनकाल में अवश्य ही कुछ गलतियां हुई और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण देश को कई नुकसान हुआ। पिछले कार्यकाल में मोदी-2 ने देश के लिए ऐतिहासिक काम किया और जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई और एक देश-एक संविधान को अमलीजामा पहनाया। इतने वर्षों तक इस मामले में कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति अपनायी और अब तक एक देश दो संविधान चलता रहा। आज जम्मूकश्मीर में जीवन सामान्य हो चला है, खुशियों की बयार आ रही है। भटके युवा आतंकवाद का रास्ता छोड़कर सरकारी नौकरी या स्वरोजगार से जुड़कर राष्ट्र के नवनिर्माण में लगे हुए हैं। आज हमारा दुश्मन भी दुबकने लगा है, क्योंकि इनके मनसूबे अब पूरे नहीं हो रहे हैं और युवा इनके झांसे में आकर आतंकवाद का सहारा नहीं ले रहे हैं। इन 10 सालों में देश ने कई मजबूत निर्णय भी लिए, जिसके कारण भारत की साख विश्वपटल पर मजबूत हुई। इसका मतलब यह नहीं कि देश में मजबूत विपक्ष जरूरी नहीं। सत्ताधारी लोगों की हिटलर शाही को रोकने के लिए मजबूत विपक्ष भी जरूरी है, ताकि सरकार यदि गलत निर्णय ले तो उसे रोका जा सके। आज देश में जाति-धर्म के नाम पर बिल्कुल ही हिंसा नहीं होनी चाहिए।

आज अयोध्या में राममंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है और गत 22 जनवरी को रामलला अपने प्राचीनतम वैभव में विराजमान हो गए हैं। राममंदिर शुरू से ही भाजपा और जनसंघ के लिए बैतरणी का काम करता रहा और आज राम मंदिर बनने के बाद इसे फिर से लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा भुना रही है। लेकिन सोचें कि राममंदिर का निर्माण कैसे हुआ। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने पहली बार विवादित अयोध्या मंदिर का ताला खुलवाया, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिम्हा राव के कार्यकाल में बाबरी मस्जिद का विध्वंस हुआ और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राममंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। जनता से लिए हुए चंदा से भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो रहा है। भाजपा ने जरूर राम मंदिर निर्माण के लिए रथ यात्रा निकाली थी, जिसमें कई रामसेवक बलिदान हो गए। राम मंदिर निर्माण में भाजपा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता,लेकिन भाजपा की रणनीति के आगे कांग्रेस फेलवर साबित हो रही है।

इस बार भी भाजपा ने सारे मुद्दे छोड़कर सिर्फ राम मंदिर का राग अलाप रही है और कांग्रेस जवाब देने में फिसड्डी साबित हो रही है। कांग्रेस के लोगों द्वारा यदि मोदी के विपक्ष में कुछ भी बोला जाता है तो मोदी द्वारा उस मुद्दे को हाईजेक कर लिया जाता है और उसी मुद्दे पर वे चुनाव जीत जाते हैं। महंगाई, बेरोजगारी इन मुद्दों के आगे फेल हो जाते हैं, लेकिन मोदी के दमदार भाषण के आगे कांग्रेसी अपना वजन नहीं रख पाते। यही कारण है कि आज देश में मजबूत विपक्ष का भी अभाव हो गया है, लेकिन स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी है, इसलिए पार्टी नहीं बल्कि उम्मीदवार का व्यक्तित्व देखें और वोट करें।

**संपादक**

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं, भयमुक्त होकर करें मतदान

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिशत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिशत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए। हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। एजेंसी।

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

# कोरबा विधानसभा के संवेदनशील मतदान केंद्रों में महिला माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त

## कुशलता पूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में दें अपनी सहभागिता-प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा

## निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषय- कलेक्टर अजीत बसंत

### माइक्रो आब्जर्वरों को निर्वाचन कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ एम. एम. जोशी द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग में माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उन्हें चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रेक्षक श्री मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। इस हेतु आप सभी कुशलता पूर्वक सौंपें गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषय है। इस हेतु आप सभी प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित अपने दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने बताया की लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के कोरबा विधानसभा में निर्वाचन संपन्न कराने की पूरी जिम्मेदारी महिला मतदान कर्मियों को सौपीं गई है। जिले के चिन्हित 70 से अधिक संवेदनशील पोलिंग बूथ हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें कोरबा विधानसभा के 61 मतदान केंद्र शामिल है। इन मतदान केंद्रों में महिला माइक्रो ऑब्जर्वर की ही नियुक्ति की गई है। कलेक्टर ने महिला माइक्रो ऑब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपका कार्य मतदान प्रकिया का सूक्ष्म निगरानी करना है। मतदान दिवस को पोलिंग बूथ में सबेरे होने वाले मॉकपोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल उच्च अधिकारी को सूचित करना है। उन्होंने बताया कि दिनभर की सभी गतिविधियों को संबंधित प्रपत्र में संधारित करते हुए पीठासीन पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य मतदान कर्मियों से भी जानकारी लेते रहना है। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी ने मतदान दिवस को माइक्रो आब्जर्वर द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही माइक्रो आब्जर्वर्स को 18 विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया। इसमें माइक्रो ऑब्जर्वर का नाम, पदनाम, आवंटित मतदान केन्द्र का नाम व नंबर, मतदान केन्द्र पर पहुंचने का दिनांक एवं समय, पीठासीन अधिकारी का नाम, कुल मतदाताओं की सूची, बनावटी मतदान समय, चुनाव प्रारंभ होने का समय, मतदान केन्द्र में सेक्टर अधिकारियों का भ्रमण मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की हिंसा व वाद-विवाद की स्थिति, हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी, मतदान दिवस में शाम 5 बजे पंक्तिबद्ध खड़े मतदाताओं की संख्या, शाम 5 बजे के बाद वोट डाले गए मतदाताओं की संख्या तथा वहां मतदान का प्रतिशत आदि के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रो आब्र्जवरों को मतदान स्थल पर तैयारी ईव्हीएम, बैलेट यूनिट, मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदाता पर्ची, मतपत्र लेखा तथा मॉकपोल, वीवीपैट में 50 वोट मॉक पोल कराने की कार्यवाही के पश्चात सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही, डाक मतपत्र, आदि की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। इनमें कहीं भी किसी प्रकार की त्रुटि व कमी के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।



### पीठासीन पदाधिकारी की डायरी में समस्त गतिविधियां होंगी दर्ज

मास्टर ट्रेनर डॉ. जोशी ने उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान केंद्र में मॉक पोल के दौरान मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति/अनुपस्थिति पर नजर रखनी है। प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। उन्होंने बताया कि केंद्र में मतदाता परिचय पत्र से कितने मतदाताओं ने वोट दिया और एएसडी सूची से कितने मतदाताओं ने वोट दिया, इसका अवलोकन करना है। साथ ही पीठासीन पदाधिकारी की डायरी में समस्त गतिविधियां दर्ज हों यह भी सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को ईवीएम मशीन का डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई।

# जयसिंह अग्रवाल ने कहा कांग्रेस का विजय अभियान जारी, ज्योत्सना को जीताने की अपील



**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

लोकसभा क्षेत्र कोरबा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत का विजय अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर क्षेत्र और बूथ स्तर के समर्पित कार्यकर्ताओं से लेकर पार्टी के दिग्गज नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कांग्रेस के 5 न्याय, 25 गारंटी जन-जन तक पहुंचाते हुए कार्यकर्ताओं से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत को भारी मतों से जीत दिलाने का आहवान किया।

प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिला- गौरेला पेण्ड्रा मरवाही अंतर्गत ग्राम पंचायत बगड़ी, कोदवाही, देवरी कला एवं लटकोनी में बैठक ली। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व नागरिकों से पार्टी की रणनीतियों पर चर्चा करते हुए कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने जन-जन तक कांग्रेस के घोषणा पत्र को पहुंचाने व एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर के के ध्रुव पूर्व विधायक मरवाही विधानसभा, राकेश जालान अध्यक्ष नगर पंचायत पेण्ड्रा, गुलाब सिंह राज, उत्तम वासुदेव, दया वाकरे, शेख इस्तियाक, विकास सिंह, अजय राय, शुभम मिश्रा, पारस चौधरी, पवन केशरवानी, अर्चना पोर्ते, पंचम मार्को, जियालाल, संतोष मलैया, दीवान सिंह पेन्द्रो, विनोद अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठकों के दौर को आगे बढ़ाते हुए पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के दौरे पर रहे। उन्होंने एमसीबी के अंतर्गत नगर पालिक निगम चिरमिरी के गोदरी पारा, हल्दीबाड़ी, पोड़ी, मालवीय नगर, जगन्नाथ मंदिर पोड़ी, कोरिया कलारी, डोमनहिल कालरी में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के नागरिकों के साथ बैठक कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता से श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया।

### जन-जन तक पहुंचाएं कांग्रेस का गारंटी पत्र

कोरबा के प्रथम विधायक एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने धुंआधार प्रचार के साथ कार्यकर्ताओं की बैठक ली और एकता का पाठ पढ़ाया और कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में उल्लेखित पांच न्याय और 25 गारंटी को घर-घर जाकर बताएं।

# दो सौ लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। प्रत्याशी और उनके समर्थक अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इस कड़ी में लगातार पार्टी प्रवेश का दौर भी बना हुआ है। इसी तारतम्य में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा का दामन थमा है। भाजपा नेता गोपाल मोदी और धनेश्वरी कंवर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बरपाली में लगभग दो सौ लोगों को भाजपा प्रवेश कराया गया। वर्तमान में जिले के रामपुर विधानसभा में ही कांग्रेस के विधायक हैं। घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित नामांकन रैली जनसभा में धनेश्वरी कंवर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाजपा प्रवेश किया था। इसके बाद से धनेश्वरी कंवर रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार दौरा कर रही है। उनके नेतृत्व में ग्रामीण और उनके समर्थक बड़ी संख्या में भाजपा प्रवेश कर रहे हैं। बरपाली में पार्टी में शामिल होने वाले ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने का संकल्प लिया।

## डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित

**कोरबा (दिव्य आकाश)** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना 29 एवं 30 अप्रैल को, मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक हेतु 01 से 06 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 01 से 03 मई प्रात: 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। इसी तरह शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना अंतर्गत मतदाता 29 एवं 30 अप्रैल को 09 से 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं।

# भाजपा ने जो कहा कर दिखाया -सुश्री सरोज पांडेय

**कोरबा (दिव्य आकाश)**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से जो भी वायदे किए उसे पूरा कर दिखाया है । यह बात उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न नुक्कड़ सभाओं में आमजनों को संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने जो भी प्रमुख वायदे पूर्व में किए थे उन्हें पूरा किया है। इनमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर बनवाना और तीन तलाक पर कानून बनाना शामिल है । ये वो महत्वपूर्ण फैसले हैं जो कल्पना से भी परे था।

इसी तरह देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति सदस्य 5 किलो मुफ्त चावल दिया जाना, ढाई अरब से अधिक लोगों को मुफ्त कोरोना टीका लगवाना और हाल ही में सीएए कानून पारित कराना भी केंद्र सरकार के मजबूत इरादों को दर्शाता है ।





विधानसभा चुनाव 2023 के समय प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास देने, 3100 की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने और महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रु देने का जो वायदा किया था उसे भी पूरा कर दिखाया है ।

इसी कड़ी में तेंदू संग्रहण प्रति मानक बोरा 4000 से बढ़कर 5500 किया गया है। वहीं वनोपज के समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है ।

25 अप्रैल गुरुवार को मदनपुर गुरमा, गितकुंआरी, बरपाली, जिलगा, बांधापाली, गेरांव और कोरकोमा में आयोजित नुक्कड़ सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए । सभी ने सुश्री सरोज पांडे को समर्थन देते हुए उन्हें जीत के लिए आशीर्वाद दिया ।

विभिन्न स्थानों में आयोजित इस जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, भाजपा नेता गोपाल मोदी, भोजराम राजवाड़े, संतोष अग्रवाल, धनेश्वरी कंवर, बृज राठिया समेत बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# अपर सचिव कोयला मंत्रालय एम नागराजू ने की एसईसीएल मेगापरियोजनाओं की समीक्षा



कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद भी जुड़े एसईसीएल दौरे पर

**कोरबा (दिव्य आकाश)**

एसईसीएल प्रवास पर आए अपर सचिव कोयला मंत्रालय एम नागराजू (भा.प्र.से.) ने गेवरा हाउस में एसईसीएल की समीक्षा बैठक ली जिसमें कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद का विशिष्ट आतिथ्य रहा, साथ ही सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा भी उपस्थित रहे। बैठक में कोयला खनन एवं डिस्पैच से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अपर सचिव नागराजू ने एसईसीएल की मेगापरियोजनाओं से एफ़एमसी के जरिये ईको-फ्रेंडली तरीके से डिस्पैच, खदान विस्तार, ज़मीन अधिग्रहण तथा पुनर्स्थापन, कोयला खनन के लिए पर्यावरण-हितैषी सरफेस माइनर, कंटीन्यूअस माइनर, कोल क्रशिंग आदि पर ज़ोर दिया।

बैठक के दौरान गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा मेगापरियोजनाओं की टीमों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्ष 24-25 के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनाओं की जानकारी दी।

आगमन पर अपर सचिव एम नागराजू को सुरक्षा टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए अपर सचिव द्वारा स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को वेल्फेयर किट का वितरण भी किया गया एवं पौधरोपण भी किया गया।

इससे पहले कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद के एसईसीएल पहुँचने पर सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। समीक्षा बैठक में एसईसीएल निदेशकगण, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबन्धकगण उपस्थित रहे।

**अपर सचिव एवं कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ने युवा अधिकारियों से किया सीधा संवाद, स्वयं के विकास एवं एक्सपोज़र पर दिया ज़ोर**

एसईसीएल प्रवास के दौरान आज अपरान्ह अपर सचिव कोयला मंत्रालय भारत सरकार एम नागराजू एवं कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ने एसईसीएल के युवा अधिकारियों से गेवरा रीक्रिएशनल क्लब में सीधा संवाद किया। इस दौरान सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा एवं एसईसीएल निदेशकगण भी उपस्थित रहे।

अपने आरंभिक उद्बोधन में अपर सचिव नागराजू ने कहा कि कोयला आज भी हमारे देश में ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत बना हुआ है तथा आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण आप सभी की अहम भूमिका रहेगी। वहीं कोल इंडिया चेयरमैन श्री प्रसाद ने कहा कि कर्मचारी हित हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है।

इस अवसर पर अलग-अलग संवर्गों के युवा अधिकारियों ने अपने प्रश्न रखे तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इससे पहले एसईसीएल प्रवास के दूसरे दिन अपर सचिव कोयला मंत्रालय एम नागराजू (भा.प्र.से.) ने तड़के गेवरा मेगा परियोजना का दौरा किया। खदान में उन्होंने डिपार्टमेंटल पैच एवं साइलो जाकर खनन एवं डिस्पैच गतिविधियों की समीक्षा की। वे ईको-फ्रेंडली रिपर पैच भी गए एवं ब्लास्टिंग-रहित ओबीआर के बारे में जानकारी ली।

# ज्योत्सना महंत ने कहा-मोदी की गलत नीतियों के कारण चुनाव बहिष्कार की नौबत, अन्याय का जवाब अपने मौलिक अधिकार से दें

**कोरबा (दिव्य आकाश)**

कोरबा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित ग्राम पाली, पड़निया, सोनपुरी, खैरभवना, जटराज चंद्रनगर, रिस्दी, खोडरी, चुरैल व अमगांव के ग्रामीणों सहित अन्य क्षेत्र में चुनाव बहिष्कार के निर्णय पर कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बहिष्कार की नौबत आ पड़ी है।

सांसद ज्योत्सना महंत ने बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भू-अर्जन की नीति को निरस्त कर दिया था। साथ ही शहरी क्षेत्र में खदान प्रभावितों को मुआवजा राशि दोगुना व ग्रामीण क्षेत्रों में चार गुना मुआवजा, भू-विस्थापितों को अनिवार्य नौकरी, ग्रामसभा के बगैर किसी भी कार्य के स्वीकृत नहीं होने का नियम जारी किया गया। सांसद ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से काबिज मोदी सरकार में पुनर्वास नीति नहीं बनाई जा सकी। कोयला खनन प्रभावित क्षेत्रों में सीएसआर पर अधिकांश राशि डीएमएफ की व अन्य मद से खर्च करना है लेकिन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कोयला कंपनी, निजी कंपनी, ठेका कंपनियों के द्वारा भू-विस्थापितों का शोषण किया जा रहा है। खदानों में मैन पॉवर को घटाकर एवं काम से निकाल कर मशीनों से काम लिया जाने लगा है। मेडिकल अनफिट कर्मियों के आश्रित को नौकरी देने का नियम बनाया गया था जिसे भी बंद कर दिया गया है जिससे हजारों आश्रित लोग नौकरी से वंचित हैं। यह साबित करता है कि मोदी सरकार नौकरी देने के पक्ष में नहीं है।

सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्या को काफी हद तक ठीक करने का काम कांग्रेस शासनकाल में किया गया और मेरे द्वारा भी इसके लिए संसदीय कार्यकाल के दौरान लगातार प्रयास कर कार्य कराया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढ़ाकर व इस मामले में पुरस्कार तो एसईसीएल प्रबंधन व कोल इंडिया ले रहे हैं लेकिन भू-विस्थापितों की अनदेखी हो रही है। सांसद ने बताया कि उन्होंने संसद में हर समय और बार-बार भू-विस्थापितों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है लेकिन मोदी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। सांसद ने संबंधित ग्रामवासियों व मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने ऊपर हो रहे अन्याय का जवाब अपने मौलिक अधिकार से दें।

प्रत्येक मतदाता को मतदान करने का अमूल्य अधिकार प्राप्त है और इसका सदुपयोग अपने हक की लड़ाई के लिए हर मतदाता को करना ही चाहिए इसलिए 7 मई को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर लोकतंत्र के त्यौहार में सहभागी बनें व शोषण, अत्याचार, भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिकार के जरिए मुखर हों।



# एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल ने उल्लास के साथ मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस, मुख्य अतिथि देवांगन ने कहा-कल्पना से भी बेहतर है विद्यालय

**कोरबा/ मड़वारानी ( दिव्य आकाश )।**

20 अप्रैल को जिले की सर्वोत्कृष्ट सीबीएसई विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) ने अपना 8 वां स्थापना दिवस मनाया। बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय में अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय आने वाले थे, लेकिन चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण नहीं आ पाये। उन्होंने कहा कि यहां मेरा पहली बार आना हुआ है, नाम तो सुना था, लेकिन यहां आकर देखा तो विशाल भवन, विशाल खेल मैदान और सभी भवनों में अत्याधुनिक सुविधाएं देखकर लगा कि यह मेरी कल्पना से भी बेहतर है। बंजर जमीन में शिक्षा का मंदिर बनाना बड़ी बात है और आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बच्चों को कम फीस में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा देना मानवीय सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। श्री देवांगन अन्य अतिथियों के साथ कक्षाओं का निरीक्षण भी किया और सभी कक्षाओं में डिजिटल शिक्षा के साथ सभी संसाधन उपलब्धता देखकर काफी रोमांचित हुए और कहा कि मैंने राजधानी रायपुर के कई विद्यालयों को देखा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की ऐसी उत्कृष्टता नहीं देखी। ज्ञातव्य हो कि नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा को सात स्टार रैंकिंग का सम्मान अल्प समय में ही मिला हुआ है, यह विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि मैं यहां कई बार आया हूं, लेकिन जितने बार आया नया कुछ देखने को मिला। इसके अलावा दिग्गज लायन एमजेएफ लायन रिपुदमन केसरी (द्वितीय वाईस डि गवर्नर) ने कहा कि लायनवाद को कोरबा में विश्व शिखर तक पहुंचाने वाले लायन राजकुमार अग्रवाल के कार्यों को इंटरनेशनल स्तर पर यूं ही सराहा नहीं जाता। आज इस विद्यालय को देखकर लगता है कि लायनवाद का यह सबसे बड़ा उदाहरण हो सकता है।

पूर्व डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सचिव लायन मोहन सिंह छाबड़ा ने भी कार्यक्रम को सराहा और कहा कि नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल का आज 8 वां स्थापना दिवस है और इस अल्पकाल में ही इस विद्यालय का नाम छत्तीसगढ़ के कोने-कोने तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि राजकुमार अग्रवाल जहां रहते हैं, वहां लायनवाद की उत्कृष्टता देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह लायन अग्रवाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे ग्रामीण क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि बच्चों ! अच्छे से पढ़ाई करना, खेलो-कूदो, लेकिन मोबाईल से दूर रहो। अधिक से अधिक पुस्तकों का अध्ययन करो और अपनी प्रतिभाओं के सहारे आगे बढ़ो, क्योंकि इस विद्यालय में अच्छे -अच्छे टीचर भी हैं और इनके द्वारा बेहतर कैरियर के लिए बेहतर मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही के अग्रवाल ने कहा कि राजकुमार अग्रवाल हर कार्यक्रम में मुझे ह्दय से आमंत्रित करते हैं और मैं अति व्यस्त होने के बाद भी उनके आमंत्रण को ठुकरा नहीं पाता। मैंने इस विद्यालय में शुरू से आता रहा हूं। जब पहली बार आया तो कम बच्चे थे, लेकिन अब यहां हजारों बच्चे अपना भविष्य गढ़ने के लिए आ रहे हैं, इतने कम समय में विद्यालय की यह बड़ी उपलब्धि है। आने वाले समय में यह विद्यालय जिले का सबसे बड़ा विद्यालय बने, ऐसी मेरी शुभकामनाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने की और कहा कि हमारा प्रयास इस विद्यालय को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बनाने का है और विशेषज्ञ अध्यापकों के कारण विद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है और कम फीस में अच्छी शिक्षा मिल रही है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों का रूझान विद्यालय की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय के बगल में गुरूकुल महाविद्यालय भी खुलने जा रहा है और क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा भी मिलने लगेगी। शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों एवं छत्तीसगढ़ी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जादूगर का मैजिक शो का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

**विद्यालय क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि**-सरपंच सरिता कंवर एवं उपसरपंच रामफल यादव ने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है, जहां हजारों बच्चे अपना कैरियर गढ़ रहे हैं।



अतिथियों द्वारा स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया

## स्व. नितेश कुमार अग्रवाल को दी गई अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा को स्व. नितेश कुमार अग्रवाल के नाम से रखा गया है, यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। 20 अप्रैल को उनके अवतरण दिवस पर अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यालय के बच्चों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने भाषण में नितेश को याद कर पिता राजकुमार अग्रवाल के आंसू रूक नहीं रहे थे। सभी अतिथियों ने उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी। उनकी स्मृति में विद्यालय का नाम नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल रखा गया है। श्री अग्रवाल सभी बच्चों में नितेश का चेहरा देखते हैं और उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत हैं।

## 8 वां स्थापना दिवस पर काटा गया केक




20 अप्रैल को विद्यालय का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ही विद्यार्थियों ने होममेड क्रीमयुक्त केक बनाकर लाया था। इस अवसर पर अतिथियों ने केक काटा और स्थापना दिवस की खुशियां मनायी। बच्चों ने इस अवसर पर जमकर तालियां बजायी और स्थापना दिवस पर गीत गुनगुनाएं। सभी अतिथियों ने विद्यालय के सफलतम् 8 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकगणों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

## स्व.नितेश कुमार की स्मृति में आयोजित चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लाभान्वित

20 अप्रैल को स्व. नितेश कुमार अग्रवाल की 39 वीं जयंती थी उनकी स्मृति में विद्यालय प्रबंधन ने परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दूर दराज से आये ग्रामीणों, बच्चों, अतिथिगणों, अध्यापकों, अभिभावकों का चिकित्सकीय परीक्षण किया और नि:शुल्क परामर्श, चिकित्सा एवं दवाईयों का वितरण किया गया, सैकड़ों ग्रामीण भी लाभान्वित हुए। शिविर में कार्डियोलाजिस्ट डॉ.संतोष मोदी, डीएमएलटी डॉ. योगेश कुमार, डॉ. विजय राठौर, डॉ. राजेश राठौर, डॉ.मुंगावती सिदार, डॉ. प्रदीप कश्यप, डॉ. सौरभ जायसवाल, डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, डॉ. देवेन्द्र कुमार कश्यप, डॉ. संजय वैष्णव आदि चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सा शिविर में लाभान्वित ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद दिया। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हमारी परिकल्पना स्वस्थ ग्राम की है।






## प्रतिभाओं का किया गया सम्मान













20 अप्रैल को विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया, जिसमें अतिथियों ने विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया। होम एग्जाम में अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों, खेलकूद में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं गैर शैक्षणिकेत्तर गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्हें और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी अतिथियों ने बच्चों को भी आगे बढ़ने के टिप्स दिए और कहा कि खेलने के साथ-साथ अधिक से अधिक समय पढ़ायी पर लगाएं, क्योंकि शिक्षा ही आज का आधुनिक हथियार है, जिसके बल पर कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है और बच्चों को अपनी मंजिल मिल सकती है। अतिथियों ने बच्चों से कहा कि सपना देखना मत भूलें क्योंकि सपना देखने से ही सपने को पूरा करने का जुनून, जज्बा एवं कठिन परिश्रम करने का मन बनता है। सपना बड़ा होगा तो लक्ष्य भी बड़ा होगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जादूगर का शो ने बढ़ाया आकर्षण







नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस समारोह खास रहा। विद्यार्थियों, उपस्थित नागरिकों, अतिथिगणों एवं अभिभावकों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए विद्यालय प्रबंधन ने प्रेरणास्पद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देने वाले बच्चों के कार्यक्रम ने घंटों तक समा बांधा। आध्यात्मिक- भक्ति गीत पर आधारित नृत्य नाटिका ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी और बच्चों की इस प्रतिभा की जमकर सराहना भी हुई। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी रंगमंच के द्वारा भी सांस्कृतिक संध्या में प्रेरणास्पद गीतों की प्रस्तुति दी गई




और इसके अलावा बच्चों के बीच जादूगर के शो ने रोमांच पैदा किया और जादू सीखने की ललक बच्चों में दिखी। जादूगर ने बच्चों को टॉफी भी बांटी और बच्चे खुश नजर आ रहे थे। कलाकारों का भी सम्मान किया गया।

## अतिथियों एवं लायनवाद के दिग्गजों का सम्मान





कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का स्वागत किया गया। लायनवाद में जीवन दर्शन छुपा हुआ है और इसे जीने वाले



मानवीय संवेदना के प्रति डॉ. व्ही के अग्रवाल सहित समारोह में उपस्थित लायनवादियों का स्वागत और सम्मान किया गया। अतिथि अपना अभूतपूर्व सम्मान से काफी आल्हादित थे और सभी ने राजकुमार का अभिवादन किया।

## अभिभावकों एवं क्षेत्र के नागरिकों का सम्मान




नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा की स्थापना से लेकर विकास में सहभागिता निभाने वाले अभिभावकों एवं क्षेत्र के नागरिकों का भी विद्यालय प्रबंधन ने सम्मान किया।

प्रधानमंत्री मोदी का राहुल गांधी पर निशाना

# नामदार सदियों से कामदार को गाली देते आए हैं

मुरैना, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उन्हें गाली देने में मजा आता है, लेकिन लोगों को इससे नाराज नहीं होना चाहिए और कहा कि नामदार सदियों से कामदार को गाली देते आए हैं। मुरैना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह बातें कहीं।



**नामदार सदियों से कामदार को गाली देते आए हैं**

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादा को मोदी को गाली देने में मजा आता है। सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि ये भाषा ठीक नहीं है। लोग इससे परेशान हो रहे हैं। मैं उनसे अपील कर रहा हूं कि आप ऐसा न करें। उन्होंने कहा कि वे नामदार हैं और हम कामदार हैं। नामदार सदियों से कामदारों को गाली देते आ रहे हैं। मैं गरीबी से बाहर आ गया हूं, अगर दोबारा मेरे साथ दुर्व्यवहार होता है तो रहने दो। अपना समय बर्बाद मत करो। प्रधानमंत्री राहुल गांधी द्वारा उनके खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

राहुल गांधी ने बुधवार को एक सार्वजनिक बैठक में कहा था कि, जैसे ही मैंने एक्स-रे के बारे में बात की, नरेंद्र मोदी डर गए। वह कांपने लगे। जैसा ही उनको डर लगता है वो झूठ बोलने लगता है। (जब भी उन्हें डर लगता है, वह झूठ बोलना शुरू कर देते हैं)। कभी-कभी वह चीन के बारे में बात करते हैं। कभी वह चीन की बात करते हैं तो कभी पाकिस्तान की। वह बार-बार झूठ बोल रहा है। इस बार वह बच नहीं पाएंगे।

कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी पार्टी

पीएम ने कहा, कांग्रेस के गड्ढे भरने के बाद भाजपा ने चंबल और मध्य प्रदेश को एक नई पहचान दी है। भिंड, मुरैना और ग्वालियर की जनता, जिन्होंने कांग्रेस का काला दौर देखा है, आज भाजपा के शासनकाल में हुए विकास का अनुभव कर रही है। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश के लोग जानते हैं कि एक बार जब आप किसी समस्या से छुटकारा पा लेते हैं, तो आपको उससे दूर रहना चाहिए। कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी पार्टी है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर देश का बंटवारा स्वीकार कर लिया।

**एमपी में चार चरणों में चुनाव हो रहे**

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव चार चरणों में हो रहे हैं। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ था। अगले तीन चरण 26 अप्रैल, 7 मई और 13 मई को आयोजित किए जाएंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। मध्य प्रदेश में कुल 29 लोकसभा क्षेत्र हैं, जो इसे संसदीय प्रतिनिधित्व के मामले में छठा सबसे बड़ा राज्य बनाता है। इनमें से 10 सीटें एससी और एसटी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जबकि बाकी 19 सीटें अनारक्षित हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने मध्य प्रदेश में 29 में से 28 सीटें जीतकर प्रचंड जीत हासिल की। कांग्रेस सिर्फ एक सीट जीतने में कामयाब रही।

# दिल्ली के उपराज्यपाल पर लगा आचार सहिंता के उल्लंघन का आरोप

## चर्च प्रमुखों को दे रहे थे प्रलोभन



तिरूवनंतपुरम, एजेंसी।

केरल में नेता प्रतिपक्ष वी.डी सतीशन ने मतदान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत कर दिल्ली के उपराज्यपाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सतीशन ने शिकायत में कहा कि उपराज्यपाल ने 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की खातिर भाजपा के समर्थन के लिए दक्षिणी राज्य के चर्चों के प्रमुखों से कथित तौर पर मुलाकात की और उन्हें प्रलोभन दिया। उन्होंने कहा, खबरों के अनुसार कुछ चर्च के प्रमुखों ने उनसे मुलाकात करने से इनकार कर दिया।

**चुनावों में भाजपा के समर्थन की खातिर प्रलोभित किया**

सतीशन ने आयोग को लिखे एक पत्र में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की चर्च के प्रमुखों के साथ बैठक को आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन बताया। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी शिकायत में कहा, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए पत्र लिख रहा हूं कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा केरल के विभिन्न चर्च के प्रमुखों से मुलाकात कर उन्हें आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा के समर्थन की खातिर प्रलोभित किया गया जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।

**चर्च के प्रमुखों से मुलाकात करना लोकतंत्र के मूल्यों पर धब्बा**

सतीशन ने दावा किया कि केरल के दो दिवसीय दौरे पर आए सक्सेना ने साइरो मालाबार चर्च, जेकोबाइट सीरियन ऑर्थोडॉक्स चर्च, मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च और अन्य के प्रमुखों से मुलाकात आग्रह किया था। उन्होंने तर्क दिया कि राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख है और उन्हें किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने से प्रतिबंधित किया गया है।


उन्होंने आरोप लगाया, हालांकि, दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा भाजपा की खातिर वोट जुटाने के लिए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केरल में विभिन्न चर्च के प्रमुखों से मुलाकात करना लोकतंत्र और इसके मूल्यों पर एक धब्बा है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि दिल्ली के उपराज्यपाल के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए।

## राजस्थान के जैसलमेर के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में गुरुवार सुबह करीब 10.20 बजे एक मानव रहित विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान हादसा जैसलमेर से करीब 25 किलोमीटर दूर पिथला गांव के पास हुआ। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायु सेना ने एक्स पर पोस्ट किया है।

# मुसलमानों को अत्यधिक आरक्षण देने को लेकर एनसीबीसी कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी।



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए गए अत्यधिक आरक्षण को लेकर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने पूरे मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा, कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की सभी जातियों/समुदायों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से मुस्लिम जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा, यह उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। अहीर ने कहा कि इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। कर्नाटक सरकार की ओर से स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है, एनसीबीसी ने सभी बारीकियों पर गौर करते हुए ऐसा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया जो इन समुदायों के भीतर विविधता को ध्यान में रखे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, कर्नाटक में मुसलमानों की आबादी 12.92 प्रतिशत है।

# रेलवे स्टेशन के पास होटल में लगी आग, 6 की मौत



पटना, एजेंसी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। बचाव अभियान जारी रहने के कारण 20 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

मौके पर पहुंचीं होम गार्ड और फायर सर्विसेज की डीजी शोभा ओहतकर ने संवाददाताओं से कहा, हमने 16,000 से अधिक होटलों का फायर ऑडिट किया है और यह अभी भी चल रहा है। फायर ऑडिट में उन्हें विशेष निर्देश दिए जाते हैं। कुछ लोग निर्देशों का पालन करते हैं और कुछ लोग निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, यह लापरवाही के कारण होता है। प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि सिलेंडर विस्फोट के कारण आग लगी है।

हमने आग पर काबू पा लिया है, जिसके बारे में सुबह 11 बजे के आसपास जानकारी मिली थी। उचित जांच के जरिए सटीक कारण का पता लगाया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ऋषि कपूर के निधन को याद कर भावुक हुई बेटी रिद्धिमा लोगों ने हमें दुखी न दिखने के लिए ट्रोल किया





मुंबई, एजेंसी।

दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर ने अपने जीवन के सबसे बुरे दौर को याद किया, जब 2020 में कोरोनोवायरस की पहली लहर के दौरान अभिनेता की मृत्यु हो गई। ऋषि की 30 अप्रैल, 2020 को मृत्यु हो गई। हालांकि, रिद्धिमा ने याद किया कि लोग सुझाव देने के प्रति असंवेदनशील थे कि एक्टर की मौत के बाद परिवार परेशान नहीं दिखे। उन्होंने यह भी साझा किया कि उनके भाई रणबीर कपूर और मां नीतू कपूर ने 30 अप्रैल की सुबह फेसटाइम पर उन्हें ऋषि की मौत की खबर दी।

रिद्धिमा ने गलाट्टा इंडिया के साथ बातचीत में कहा, बहुत से लोगों ने कहा है, ओह, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि वे बहुत परेशान हैं। लेकिन वे नहीं जानते कि उस समय हम किस दौर से गुजर रहे थे, हम सिर्फ एक-दूसरे का समर्थन कर रहे थे।

रिद्धिमा अपने पति भरत साहनी के साथ दिल्ली में रहती हैं। जब ऋषि कपूर का निधन हुआ तो रणबीर और नीतू ने उन्हें फोन कर इसकी जानकारी दी।

रिद्धिमा ने साझा किया, मेरी मां और भाई ने सुबह 7.30-8 बजे फेसटाइम पर मुझे यह खबर दी। आप कुछ हद तक खुद को तैयार कर रहे हैं, लेकिन आप उस कॉल, उस खबर के लिए सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार नहीं हैं। इसने मुझे झकझोर कर रख दिया। मैं मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। मैं चलता रहा और भरत को जगाया। मैंने उससे पूछा कि क्या करना चाहिए क्योंकि उड़ानें चालू नहीं थीं। मैं बस इसलिए नहीं कर सका क्योंकि मैं ऐसा कर सकता था मैं वहां जाना चाहती हूं। मैं अपने परिवार के साथ रहना चाहती हूं और अपने पिता को आखिरी बार देखना चाहती हूं।

ऋषि कपूर पहली बार 2018 में अपने कैंसर के इलाज के लिए न्यूयॉर्क गए थे। आठ महीने के इलाज के बाद कैंसर मुक्त घोषित होने के बाद, वह सितंबर 2019 में मुंबई लौट आए। हालांकि, वह एक बार फिर बीमार पड़ गए। अपने कैंसर दोबारा होने का जिक्र करते हुए रिद्धिमा ने कहा, यह वापस आ गया। यह बहुत आक्रामक था।

निधन से दो दिन पहले ऋषि कपूर ने अपनी बेटी को फोन किया था, लेकिन वह कॉल मिस कर गईं। रिद्धिमा को याद आया, ऐसा होने से दो दिन पहले, उसने मुझे फोन किया था, उसने मुझे एक मिस्ड कॉल दी थी। वह अभी भी मेरे फोन पर है। वह उसकी आखिरी कॉल थी। काश मैं इसे ले पाती। मैंने उसे वापस कॉल किया।, लेकिन वह बात नहीं कर सका या जवाब नहीं दे सका क्योंकि वह अस्पताल में था। मेरे पास उस मिस्ड कॉल का स्क्रीनशॉट सेव है। रिद्धिमा के पति भरत ने कहा, यह अच्छा है कि रिद्धिमा ने उसे इतना कष्ट सहते नहीं देखा क्योंकि उसे बहुत कष्ट हुआ था। वह इसे सहन नहीं कर पाएगी। 30 अप्रैल 2024 को ऋषि कपूर की चौथी पुण्य तिथि होगी।

## कश्मीर में जल्द बनेगा महाराष्ट्र भवन, पीएम मोदी और शाह हमारे साथ, सीएम शिंदे का दावा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि केंद्र के सहयोग से जम्मू-कश्मीर में महाराष्ट्र भवन बनाया जाएगा। शिंदे ने बुधवार को महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक रैली में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर में महाराष्ट्र भवन के निर्माण का विरोध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार को महाराष्ट्र भवन के निर्माण के लिए कश्मीर में जमीन मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हमारे साथ हैं। इसलिए कोई भी इसका विरोध करने की हिम्मत नहीं करेगा।



## बीजेपी में शामिल हुए यूट्यूबर मनीष कश्यप मनोज तिवारी ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के फेमस यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। मनीष ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ली। उन्हें भाजपा सांसद और फ़िल्म अभिनेता मनोज तिवारी ने सदस्यता दिलाई। इस दौरान उनके साथ उनकी मां भी मौजूद थीं।

# पाकिस्तान की 19 साल की लड़की में हुआ एक भारतीय का हार्ट ट्रांसप्लांट, मिली नई जिंदगी

चेन्नई, एजेंसी।

एक भारतीय का दिल अब पाकिस्तानी किशोरी आयशा रशन के लिए धड़क रहा है, जिसकी चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर में सफल heart transplant सर्जरी हुई है। 19 साल की आयशा को भारतीय डोनर और चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर में सर्जनों द्वारा किए गए सफल ऑपरेशन के कारण नई जिंदगी मिली। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे भी बड़ी बात यह है कि यह प्रक्रिया शहर स्थित एश्वर्यन ट्रस्ट के सौजन्य से निःशुल्क की गई थी।

कराची की रहने वाली आयशा फैशन डिजाइनिंग करना चाहती हैं। अगर ट्रस्ट और चेन्नई के डॉक्टर उनकी मदद के लिए नहीं आए होते तो आयशा का परिवार सर्जरी का खर्च नहीं उठा पाता। आयशा ने कहा कि उसे ट्रांसप्लांट के बाद अच्छा महसूस हो रहा है। उसकी हालत स्थिर है और वह पाकिस्तान वापस जा सकती है। उसकी मां ने डॉक्टरों, अस्पताल और मेडिकल ट्रस्ट की प्रशंसा की और हर चीज के लिए उन सभी को धन्यवाद दिया।

19 वर्षीय आयशा रशन पिछले एक दशक से हृदय रोग से पीड़ित थीं। 2014 में, उन्होंने भारत का दौरा किया जहां उनके असफल हृदय को सहारा देने के लिए एक हृदय पंप प्रत्यारोपित किया गया। दुर्भाग्य से, उपकरण अप्रभावी साबित हुआ और डॉक्टरों ने उसकी जान बचाने के लिए हृदय प्रत्यारोपण की सिफारिश की।

डॉक्टरों ने कहा कि आयशा को गंभीर हृदय रोग के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हार्ट फेल होने के बाद डॉक्टरों को उन्हें



ECMO पर रखना पड़ा। ईसीएमओ उन लोगों के लिए एक प्रकार का जीवन समर्थन है जो जीवन-घातक बीमारी या हृदय या फेफड़ों के कार्य को प्रभावित करने वाली चोट से पीड़ित हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि इसके बाद, उसके हृदय पंप के वाल्व में रिसाव हो गया, जिसके लिए पूर्ण हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता थी।

## दिल्ली से आया डोनर हार्ट

ऐसे हार्ट ट्रांसप्लांट में 35 लाख रुपये से अधिक का खर्च आता है। आयशा के ऑपरेशन में यह लागत डॉक्टरों और ट्रस्ट द्वारा वहन की गई थी। डॉ. केआर बालाकृष्णन ने कहा, दानकर्ता हार्ट दिल्ली से आया था, युवा लड़की भाग्यशाली थी। उनके हवाले से कहा कि आयशा की धड़कन तेज हो गई क्योंकि कोई प्रतिस्पर्धी दावा नहीं था क्योंकि अन्यथा किसी विदेशी को भारत में अंग नहीं मिल सकता। डॉक्टरों ने कहा, वह हमारी बेटी की तरह है... हर जिंदगी मायने रखती है।



# विश्व प्रसिद्ध यूएस कंपनी के सीईओ हुए पीएम मोदी के फैन, बोले-अमेरिका को भी आप जैसा सख्त नेता चाहिए

वॉशिंगटन, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के चलते पूरी दुनिया उनकी मुरीद बन चुकी है। अब विश्व प्रसिद्ध अमेरिकी कंपनी जेपी मॉर्गन चेज के सीईओ जेमी डिमन भी पीएम मोदी के फैन बन गए हैं और जमकर उनकी तारीफ की है। न्यूयॉर्क का इकोनॉमिक क्लब द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय संस्थानों में से एक जेपी मॉर्गन के सीईओ डिमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधारों को आगे बढ़ाकर, समावेशी वित्तीय कार्यक्रमों के माध्यम से 40 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर भारत में अविश्वसनीय काम किया है।

डिमन ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने भारत में अविश्वसनीय काम किए हैं। उनके पास एक अविश्वसनीय शिक्षा प्रणाली, अविश्वसनीय बुनियादी ढांचा है, वह पूरे देश को विकास की बुलंदियो की तरफ ले जा रहे हैं। और यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि वह एक सख्त इंसान हैं और मैं सोचता हूं कि बदलाव लाने के लिए आपको सख्त होना होगा। आप जानते हैं कि वह नौकरशाही के कुछ हिस्सों में बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने हाल के दिनों में मोदी द्वारा किए गए सुधारों की भी तारीफ भी की। डिमन ने कहा, उन्होंने यह अविश्वसनीय ट्रेंड शुरू कर दिया है कि कि हर नागरिक को हाथ या आंख की पुतली या उंगली से पहचाना जाता है। उन्होंने 700 मिलियन (70 करोड़) लोगों के लिए बैंक खाते खोले। उनके पैसे सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर हो रहे हैं। उन्होंने पुरानी नौकरशाही प्रणाली में बदलाव के लिए मोदी को सख्त बताते हुए कहा, हमें यहां (अमेरिका में) भी इस सख्ती की थोड़ी जरूरत है। 68 वर्षीय डिमन ने देश की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की भी प्रशंसा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई जाने वाली कर प्रणालियों में असमानता से पैदा होने वाले भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया है।

# बालको के अग्निशमन सेवा सप्ताह से अग्नि सुरक्षा जागरूकता को मिला बढ़ावा







**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अग्नि सुरक्षा अभियान के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस साल के थीम 'अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें' के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा जागरूकता और तैयारियों को बढ़ाने का कार्य किया गया। सप्ताह भर चले इस पहल में कर्मचारी, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न पहल के माध्यम से अग्नि-सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूक किया गया।

14 अप्रैल को शुरू हुए इस सप्ताह में अग्नि सुरक्षा के महत्व बढ़ावा देते हुए क्विज़, ड्राइंग और स्लोगन सहित आकर्षक प्रतियोगिता कार्यक्रम को आयोजिक की गई। बालको ने आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देशों और तैयारियों पर केंद्रित एक विशेष नुक्कड़ नाटक था।

बालको द्वारा कंपनी के विभिन्न विभाग और उप-व्यावसायिक इकाई (एसबीयू) से अग्नि सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करके कार्यक्रम का समापन किया गया। संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों को सराहा गया। कंपनी ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के प्रतिनिधियों सहित कोरबा के आसपास के अन्य औद्योगिक कंपनियों को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया।

एनटीपीसी अग्निशमन विभाग के सहायक कमांडेंट अशोक प्रसाद ने कहा कि मैं घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने में सक्रिय और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए बालको की सराहना करता हूं। क्षेत्र में अग्निशमन इकाई के बीच सराहनीय सहयोग समुदाय के लिए सामूहिक तत्परता और समर्थन पर जोर देता है। सम्मान समारोह के दौरान मैंने सुरक्षा के प्रति बालको के समर्पण और उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करने की उनकी प्रतिबद्धता को देखा जो सभी के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों को दर्शाता है।

बालको की अग्नि सुरक्षा टीम सभी आपातकालीन स्थितियों के दौरान संयंत्र प्रचालन में और समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वित्त वर्ष 24 में अग्निशमन विभाग की कुछ मुख्य बातें इस प्रकार हैं जिसमें 200 से अधिक आपात स्थितियों का जवाब दिया गया। 4,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेजी को बढ़ाने के लिए अग्निशामक यंत्र के उपयोग, सीपीआर तकनीक और आग रोकथाम प्रोटोकॉल पर निर्देश शामिल थे। तीव्र प्रतिक्रिया क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 70 मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस तीन नए उच्च प्रदर्शन वाले फायर टेंडरों का उद्घाटन किया गया। अग्नि सुरक्षा टीम ने यह सुनिश्चित करते हुए 9,000 से अधिक स्टैंडबाय घंटे लॉग इन किए। बालको फायर सर्वित किसी भी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तत्पर है।

## सुरक्षा के प्रति बालको प्रतिबद्ध-सीईओ राजेश कुमार

बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए कहा कि असुरक्षित कार्यों के रोकथाम के लिए जागरूकता महत्वपूर्ण है। बालको में हम आग की घटनाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए कर्मचारियों और समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। हम सभी के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा उपायों में आगे रहने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने और तकनीक का लाभ उठाने के लिए कटिबद्ध हैं। सुरक्षित कार्यस्थल के साथ हम सभी के लिए एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।









स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com